# लखनऊ में लगेगी प्रदेश की पहली वेयरहाउसिंग इकाई

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ:** वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक नीति- 2018 के तहत योगी सरकार ने पहले निवेश प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। मेसर्स नानक लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ स्थित सरोजनी नगर के भउकापुर गांव में 85 करोड़ रुपये निवेश कर 86 हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में वेयरहाउसिंग इकाई स्थापित करेगी। वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में निवेश के लिए सरकार को अब तक लगभग 438 करोड़ रुपये के छह निवेश प्रस्ताव मिल चुके हैं।

**86** हजार वर्ग मीटर होगा क्षेत्रफल, कंपनी 85 करोड़ रुपये करेगी निवेश

- लॉजिस्टिक्स सेक्टर की पहली निवेश परियोजना, सरकार ने दी स्वीकृति

भारत सरकार ने हाल ही में उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स हब और मल्टी मोडल ट्रांसपोर्ट हब को मंजूर किया है। उसके बाद लॉजिस्टिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विकास करने का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है। उसके तहत ही मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित प्राधिकार प्राप्त समिति की संस्तुति पर औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने मेसर्स नानक लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड के निवेश प्रस्ताव को अनुमोदन दिया है। अपर मुख्य सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आलोक कुमार ने बताया कि राज्य सरकर ने लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को उद्योग का दर्जा देने के अतिरिक्त लॉजिस्टिक पार्कों के विकास के लिए पात्रता सीमा को 50 एकड़ से घटाकर 25 एकड़ कर दिया है। प्रदेश में प्रतिस्पर्धी दरों पर लॉजिस्टिक्स की व्यवस्था में सुगमता और लॉजिस्टिक्स अवस्थापना की गुणवत्ता के मापदंडों में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। ग्रेटर नोएडा में लगभग 3,884 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स हब और मल्टी मोडल ट्रांसपोर्ट हब का विकास होगा, जिससे एक लाख रोजगार के अवसर तैयार होने की संभावना है। वहीं, ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से माल के कुशल भंडारण और परिवहन की सुविधा उपलब्ध होगी।